CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 99 ◘ रायपुर, रविवार 3 मई 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

विवेक विहार आग हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत

पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके की घटना

नई दिल्ली, 3 मई (न्यूज चैनल)। देश की राजधानी दिल्ली से एक बार फिर बड़ा हादसा सामने आया है। पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में स्थित एक चार मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई है, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और राहत-बचाव कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक इमारत में भीषण आग लगने इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग बुरी तरह झुलस गए हैं। शाहदरा के विवेक विहार स्थित उस इमारत से शव निकाले जा रहे हैं, जहां आज रविवार सुबह आग लगी थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस घटना में 9 लोगों की मौत हो गई।

बता दें कि आग इमारत में काफी तेजी से फैल गई। फिलहाल इमारत में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिशें जारी हैं। दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं और आसपास के इलाके को एहतियातन खाली कराया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहादत को सलाम: परिजनों और ग्रामीणों की आंखों से छलके आंसू

आईईडी ब्लास्ट में शहीद 4 जवानों को दी गई आखिरी सलामी

कांकेर, 3 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर शनिवार को आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के 4 जवान शहीद हो गए। डीआरजी की टीम जब छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली थी, तभी यह हादसा हुआ। आज उन चार शहीद जवानों को नारायणपुर पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। बता दें कि शनिवार 2 मई को डीआरजी की टीम छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इस दौरान जवानों को नक्सलियों द्वारा प्लांटेड आईईडी मिला था, जिसे बाहर निकालकर निष्क्रिय किया जा रहा था, तभी आईईडी विस्फोट हो गया। आईईडी की चपेट में आकर 3 जवान इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले घटनास्थल पे शहीद हो गए। वहीं 1 घायल जवान कॉन्स्टेबल परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट कर रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित अस्पताल में लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

आज रविवार को शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को नारायणपुर पुलिस लाइन में लाया गया, जहां तिरंगे में लिपटे शहीद

जवानों को अंतिम विदाई देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी शहीदों को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। वहीं पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर से बस्तर में नक्सल चुनौती को उजागर किया है। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है, लेकिन वीर सपूतों इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले और परमानंद कोर्राम की शहादत ने हर दिल में देशभक्ति और सम्मान की भावना को और मजबूत कर दिया है।

गृहमंत्री विजय शर्मा बोले- घटना बेहद दुखद; सरकार बलिदान जवानों के परिवार के साथ है खड़ी

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में आईईडी डिफ्यूज के दौरान डीआरजी के तीन जवान मौके पर ही बलिदान हो गये। वहीं एक जवान रायपुर में इलाज के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गये। इस मामले में प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सूचना के आधार पर की टीम डंप रिकवरी के लिए गई थी। डंप रिकवरी भी हुआ है, उसमें एक्सप्लोसिव था। इस जैसे हैंडल करना चाहिए था, जवानों ने हैंडल भी किया था पर दुर्भाग्य से चार जवान वीरगति को प्राप्त हो गये। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी दुर्घटना है। इसमें एक निरीक्षक समेत तीन आरक्षक वीरगति को प्राप्त हो गये। मामला नारायणपुर छोटेबेठिया थाना क्षेत्र का है। इस घटना को लेकर मन बहुत दुखी है। वीरगति को प्राप्त जवानों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। पूरी सरकार और समाज वीरगति को प्राप्त जवानों के परिवार के साथ है।

ब्रेकिंग न्यूज

'भारतीय मीडिया पर हो रहा हमला': कांग्रेस ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस जताई चिंता, रैंकिंग पर कही ये बात

नई दिल्ली, 3 मई (न्यूज चैनल)। तीन मई का दिन पूरी दुनिया में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य मकसद प्रेस की आजादी और पत्रकारों के अधिकारों की बात करना है। लेकिन इस बार इस मौके पर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने एक बहुत बड़ा मुद्दा उठा दिया है। भारत में मीडिया की आजादी को लेकर कांग्रेस ने गहरी चिंता जताई है और इसे देश के लोकतंत्र के लिए एक खतरे की घंटी बताया है। रविवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कांग्रेस पार्टी ने भारत में प्रेस की आजादी की मौजूदा स्थिति पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026 का हवाला देते हुए अपनी बात रखी है। इस सूचकांक में भारत को 157वें स्थान पर रखा गया है। रैंकिंग की इस सूची में भारत को बहुत ही गंभीर श्रेणी में डाला गया है। इसी रैंकिंग को लेकर कांग्रेस ने देश में सच बोलने वालों की स्थिति पर सवाल उठाए हैं।

'ग्रेट निकोबार पर राहुल के सवालों से डरी सरकार', कांग्रेस ने दावों के बीच कहा- सदन में हो चर्चा

नई दिल्ली, 3 मई (न्यूज चैनल)। ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। कांग्रेस का दावा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 28 अप्रैल 2026 के दौरे से सरकार घबरा गई है और डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। पार्टी ने पर्यावरण, आदिवासी अधिकारों और पारदर्शिता के मुद्दे उठाते हुए इस पूरी परियोजना पर संसद में विस्तार से चर्चा कराने की मांग की है।

सीएम साय के प्रदेशव्यापी दौरे का आगाज, जनता से लेंगे योजनाओं का फीडबैक

रायपुर, 3 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में 1 मई से सुशासन तिहार की शुरुआत हो चुकी है. आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए जन समस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रदेशव्यापी दौरे का आज से आगाज हो रहा है. अभियान में वह लोगों से रूबरू होकर सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री साय रविवार सुबह पुलिस लाइन हेलीपेड पहुंचे और

हेलिकॉप्टर से दौरे के लिए रवाना हुए। अभियान के तहत वह आम जनता के बीच पहुंचेंगे और उनसे योजनाओं का फीडबैक लेंगे. मुख्यमंत्री के साथ उनके प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और विशेष सचिव रजत कुमार बंसल भी मौजूद हैं।

1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार: सुशासन तिहार के तहत 1 मई से 10 जून 2026 तक प्रदेशभर में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे. ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह और शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर लगाए जाएंगे. इन शिविरों में न केवल जन समस्याओं का समाधान किया जाएगा, बल्कि शासन की योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी. पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी. शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति से अवगत कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

चेन्नई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा: चलती फ्लाइट से इमरजेंसी गेट खोलकर बाहर कूदा यात्री, मचा हड़कंप

नई दिल्ली, 3 मई (न्यूज चैनल)। रविवार तड़के चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त भारी दहशत फैल गई, जब एक यात्री ने चलती फ्लाइट का आपातकालीन दरवाजा अचानक खोल दिया और बाहर छलांग लगा दी। शारजाह से चेन्नई पहुंची एअर अरेबिया की इस फ्लाइट में 231 यात्री सवार थे। इस दुस्साहसिक और खतरनाक हरकत के कारण विमान में बैठे बाकी यात्रियों की जान हलक में आ गई। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यह खौफनाक घटना तब घटी जब विमान लैंडिंग के बाद मुख्य रनवे से हटकर

टैक्सीवे (रनवे और टर्मिनल को जोड़ने वाला रास्ता) पर धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। तभी अचानक 34 साल के एक पुरुष यात्री ने इमरजेंसी गेट खोला और चलती फ्लाइट से नीचे कूद गया। इस अचानक हुई घटना से विमान में अफरातफरी मच गई और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर विमान को रोका और ग्राउंड सुरक्षा टीम को फौरन अलर्ट कर दिया।

अमेरिका ने चीन की 5 पेट्रोकेमिकल कंपनियों पर लगाया बैन खरीद रहे थे ईरानी तेल ; ट्रैगन बोला- हम नहीं मानेंगे आदेश

नई दिल्ली, 3 मई (न्यूज चैनल)। ईरानी तेल खरीद को लेकर अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव अब और बढ़ गया है. अमेरिका ने ईरानी तेल खरीद करने वाली चीन की 5 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है. अमेरिका ने इन कंपनियों को अपनी स्पेशली डिजिग्नेटेड नेशनल्स सूची में डाल दिया है, जिसके तहत उनकी संपत्तियां फ्रीज की जा सकती हैं और उनके साथ लेन-देन पर रोक लगाई जाती है।

वहीं इस फैसले के जवाब में चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए अपने देश की कंपनियों को अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन न करने का आदेश दिया है. यह कदम खास तौर पर उन चीनी पेट्रोकेमिकल कंपनियों को बचाने के लिए उठाया गया है, जिन पर अमेरिका ने ईरान के तेल कारोबार से जुड़े होने का आरोप लगाया है. चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को एक आधिकारिक आदेश जारी कर घरेलू कंपनियों को अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन करने से रोक दिया है. यह पहली बार है जब चीन ने अपने ब्लॉकिंग स्टैट्यूट यानी ऐसा कानूनी हथियार इस्तेमाल किया है, जो विदेशी कानूनों के असर को अपने देश में निष्प्रभावी करने के लिए बनाया गया है. इस कदम को सिर्फ कूटनीतिक विरोध से आगे बढ़कर कानूनी जवाबी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है।

भाई को बदमाशों से बचा रहे बड़े भाई की हत्या, 5 गिरफ्तार

बिलासपुर, 3 मई (हाईवे चैनल)। शनिवार रात मारपीट के दौरान छोटे भाई को बचाने पहुंचे बड़े भाई की हत्या कर दी गई। बदमाशों ने चाकू से युवक का गला रेत दिया। वारदात के बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव किया। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम अभिषेक यादव (22) है, जो मोपका गुड़ी मोहल्ले का रहने वाला था। उसके चचेरे भाई ओमप्रकाश यादव (16) का

कुछ युवकों से विवाद हो गया था। युवकों ने ओमप्रकाश से पिटाई शुरू कर दी।

इस दौरान अभिषेक ओमप्रकाश को बचाने के लिए पहुंचा था। तभी बदमाशों ने उस पर भी हमला कर दिया। हालांकि, अभी तक विवाद की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। दरअसल, अभिषेक यादव बीए सेकंड का स्टूडेंट था। रात करीब 10:30 बजे मोपका चौक में उसके चचेरे भाई ओमप्रकाश यादव का युवकों से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। करीब 5 युवकों ने ओमप्रकाश को घेरकर पीटना शुरू कर दिया। छोटे भाई को पिटता देख अभिषेक मौके पर पहुंचा और उसे बचाने की कोशिश की। इसी दौरान आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। एक युवक ने चाकू से अभिषेक के गले पर वार किया। गंभीर रूप से घायल अभिषेक जमीन पर गिर पड़ा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ओमप्रकाश जान बचाकर भागा। आरोपी उसका पीछा करते हुए नजदीकी पुलिस चौकी तक पहुंच गए। किसी तरह वह चौकी में घुसकर अपनी जान बचा सका। घटना के बाद परिजन और स्थानीय अभिषेक को तुरंत अपोलो अस्पताल लेकर पहुंचे।

कलेक्टोरेट के पास गौरी नगर में भालू घुसने से मचा हडकंप

बेहोशी का इंजेक्शन देकर सफलता पूर्वक पकड़ा गया

धमतरी 3 मई (हाईवे चैनल)। रविवार की सुबह-सुबह कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास कॉलोनी में भालू घुसने से हड़कंप मच गया।सूचना पर तत्काल वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। रायपुर से ट्रैंकुलाइजर की टीम को बुलाकर ट्रैंकुलाइज किया गया। ट्रीटमेंट के बाद उसे सफलतापूर्वक जंगल में छोड़ा गया। भालू को पकड़ने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। जल्दी रेस्क्यू करना इसलिए भी जरूरी हो गया था क्योंकि थोड़ी ही देर बाद राज्यपाल कलेक्ट्रेट पहुंचने वाले थे। तेज गर्मी में जंगली जानवरों को पानी की तलाश होती है जंगल काटने से और वन क्षेत्र कम होने की वजह से जंगली जानवर शहर की ओर रुख करते हैं। रविवार की सुबह-सुबह कलेक्ट्रेट के आसपास रहने वाले लोगों की नींद उसे समय खुल गई जब यह जानकारी मिली कि उनके

क्षेत्र में भालू घुस आया है। गौरी नगर के कई गलियों में वह भागा दौड़ी करता रहा। लगभग 6 बजे वन विभाग को इसकी सूचना मिली। वन विभाग और पुलिस की टीम कलेक्टरेट रोड में पहुंच गई। तब तक वह घूम कर एक बाड़ी में छुपा हुआ था सूचना पर डीएफओ,सीएसपी, एसडीओ भी पहुंचे। तब तक रायपुर की ट्रैंकुलाइजर टीम को सूचना दे दी गई थी।

पहला ही शॉट सफल रहा: सड़क किनारे बाड़ी में भालू छुपा हुआ था। ट्रैंकुलाइजर की टीम को बाड़ी के अंदर भालू को बेहोश करना था।नगर निगम से जेसीबी बुलाई गई। जेसीबी से टीम को चढ़कर बाड़ी के ऊपर ले जाया गया। वहां से नहीं जमने पर जेसीबी को बाड़ी में घुसाया गया। जैसे ही जेसीबी घुसा वहां से भालू भाग खड़ा हुआ।तुरंत टीम नहर किनारे पहुंची और वहीं पर पहला शॉट दिया जो परफेक्ट रहा। उसके बाद वह भागने लगा। इसके बाद गौरी नगर गली नंबर 2 के पास एक मकान के पीछे वह निढाल हो गया। फिर वहां से दो शॉट और लगाए गए लेकिन तेज हवा के कारण से वह नहीं लग पाया। इसी दौरान टीम के एक सदस्य ने साहस दिखाते हुए वहां पर पहुंचकर बेहोशी का इंजेक्शन दिया। थोड़ी देर इंतजार करने के बाद उसका रेस्क्यू किया गया।

पिंजरे में शुरू किया गया ट्रीटमेंट : बेहोशी की स्थिति में उसे ग्रीन मेट में ढक कर स्ट्रेचर में डालकर पिंजरे में रखा गया। इसके बाद आई डॉक्टर की टीम ने ट्रीटमेंट शुरू किया।दो बॉटल सलाइन चढ़कर उसे होश में लाया गया। क्योंकि जब बेहोशी का इंजेक्शन देते हैं तो उसे एंटीडोट देना जरूरी होता है, ताकि जंगली जानवर को किसी प्रकार की हानि ना हो सके। लगभग 1 घंटे तक ट्रीटमेंट के बाद सफलतापूर्वक उसे जंगल में छोड़ा गया। इस दौरान शिवा प्रधान भी फॉरेस्ट की टीम के साथ लगातार डटे रहे।

मादा भालू उम्र लगभग 7 वर्ष: डीएफओ श्री कृष्णा जाधव ने बताया कि सुबह 5:45 बजे भालू की सूचना मिली थी। वन विभाग की टीम तुरंत पहुंचकर मॉनिटरिंग कर रही थी। रायपुर जंगल सफारी से ट्रैंकुलाइजर की टीम को बुलाया गया। लगभग 9 बजे मिशन स्टार्ट किया गया। बेहोशी के बाद उसे पिंजरे में चिकित्सा दिया गया। यह मादा भालू था जिसकी उम्र लगभग 6 से 7 वर्ष है। वजन लगभग 100 किल रहा होगा।सफलतापूर्वक चिकित्सा के बाद उसे जंगल में छोड़ा गया। पहले भी शहर में जो भालू पकड़ा गया था। उसे भी जंगल में ही छोड़ गया था।उन्होंने बताया कि धमतरी में ट्रैंकुलाइजर टीम की आवश्यकता नहीं है इसके लिए एक्सपर्ट टीम जरूरी होती है, जो जंगल सफारी में रहते हैं। क्योंकि ट्रैंकुलाइज करने के बाद एंटीडोट देना, ट्रीटमेंट देना, मॉनिटरिंग करना थोड़ा प्रोसेस होता है और धमतरी पास होने की वजह से 1 घंटे में टीम पहुंच जाती है।

छत्तीसगढ़ के पांच सिविल जजों के इस्तीफे से उठे सवाल विधि विभाग ने कार्यमुक्त करने का जारी किया आदेश

बिलासपुर, 3 मई (हाईवे चैनल)। विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने हाईकोर्ट की अनुशंसा पर प्रदेश के पांच सिविल जज जूनियर डिवीजन के त्यागपत्र को स्वीकार करते हुए अप्रैल माह में उन्हें कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया है। बताया जा रहा है कि प्रदेश में न्यायिक सेवा में पदस्थ पांच सिविल जज जूनियर डिवीजन ने व्यक्तिगत कारण से अपने पद से त्यागपत्र दिया था। हाईकोर्ट ने जांच उपरांत पांचों के त्यागपत्र को मंजूर करने विधि एवं विधायी कार्य विभाग से अनुशंसा की थी।

इसी कड़ी में विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने द्विव सिंह सेंगर सिविल जज जूनियर डिवीजन दुर्ग, प्रिय दर्शन गोस्वामी चतुर्थ सिविल जज जूनियर डिवीजन महासमुंद, कुमारी नंदनी पटेल सिविल जज जूनियर डिवीजन रायपुर, कुमारी भामिनी राठी अष्टम सिविल जज जूनियर डिवीजन रायपुर एवं अर्पित गुप्ता प्रथम सिविल जज जूनियर डिवीजन रायपुर के त्यागपत्र को स्वीकार करते हुए उन्हें

कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया है। इस तरह 5 सिविल जज जूनियर डिवीजन के इस्तीफे और फिर इस्तीफे को स्वीकार किये जाने के मामले की न्यायिक जगत में जमकर चर्चा हो रही है। इन सभी ने भले ही व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देने की बात कही है, मगर इस्तीफे की मूल वजह कुछ और होगी, ऐसा वरिष्ठ अधिवक्ताओं का मानना है।

CMYK